# J. SINGH COMPETITION ACADEMY

"आनो भद्राः कृतवो यन्तु विश्वतः"
"Let Noble thoughs come to you from all sides"
Amaha house civil lines Boda bag Road, Rewa (M.P)
Mob.9329249957

Time:- 1 : 00 **अधिनियम** **पूर्णांक :–80**

**(टेस्ट पेपर – 12)**

1. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध किए जाने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निम्न में से किस नाम से अधिनियम अधिनियमित किया गया
   a अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1988
   b अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989
   c अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1988
   d अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम किस दिनांक से लागू हुआ
   a 11 सितम्बर 1989
   b 11 सिम्बर 1990
   c 30 जनवरी 1989
   d 30 जनवरी 1990
3. अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम का विस्तार है –
   a पर्वोत्तर राज्यों को छोडकर संपूर्ण भारत में
   b सम्पूर्ण भारत मे
   c केन्द्र शासित प्रदेशो को छोडकर सम्पूर्ण भारत में
   d निम्न में से कोई नही
4. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में कुल कितने अध्याय है
   a 3
   b 4
   c 5
   d 7
5. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के निम्न में से किस अध्याय में विशेष न्यायालय का प्रावधान है –
   a अध्याय –1
   b अध्याय –2
   c अध्याय –3
   d अध्याय –4
6. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के निम्न में से किस अध्याय में पीडित और साक्षी के अधिकार का प्रावधान है
   a 4
   b 4 (A)
   c 5
   d 6
7. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की स्थापना का उद्देश्य है –
   1 अनुसूचित जाति, जनजाति पर अत्याचार का अपराध करने का निवारण करने के लिए
   2 अनुसूचित जाति, जनजाति के अपराधो से पीडित व्यक्तियों के राहत एवं पुर्नवास से संबंधित या उनसे अनुगृहीत विषयो का उपबंध करने के लिए
   3 ऐसे अपराधों के विचारण के लिए विशेष न्यायालयों का गठन करना
   a 1 सही
   b 2,3 सही

J.singh competition academy rewa

c 2 सही | d 1,2,3 सही

8. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम भारतीय गणतंत्र के कौन से वर्ष में पारित किया गया

a 35 | b 37

c 39 | d 40

9. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति का अर्थ है जो –

a संविधान के अनुच्छेद 364 के खण्ड 24 और 26 में है | b संविधान के अनुच्छेद 366 के खण्ड 24 एवं खण्ड 25 में है

c संविधान के अनुच्छेद 356 के खण्ड 25 एवं खण्ड 26 में है | d संविधान के अनुच्छेद 367 के खण्ड 24 एवं खण्ड 25 में है

10. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 है

1. दण्डिक प्रकृति का
2. विशेष विधि की श्रेणी का
3. एक विशेष वर्ग को अत्याचार से छुटकारा दिलाकर अत्याचार से शिकार हुए लोगो का पुर्नस्थापना करने के लिए
4. संविधान के अनुच्छेद 17 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए

a 2,3 सही है | b 1 और 2 सही है

c 3, 4 सही है | d 1,2,3,4 सही

11. अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है

a अनु. 244 | b अनु. 338

c अनु. 338 (क) | d अनु. 243 (D)

12. अपराध की लिखित या मौखिक शिकायत न्यायालय में करने को कहा जाता है –

a अभित्रास | b परिवाद

c परिवीक्षा | d साक्षी

13. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत संहिता से आसय है

a भारतीय साक्ष्य अधिनियम | b भारतीय दण्ड संहिता

c दण्ड प्रक्रिया संहिता | d सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम

14. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में ''आश्रित'' (Dependent) को परिभाषित किया गया है

a धारा 2 (A) | b धारा 2 (b)

c धारा 2 (bb) | d धारा 2 (bc)

15. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत लोक सेवक को परिभाषित किया गया है

a धारा 2 (bd) | b धारा 2 (be)

c धारा 2 (bf) | d धारा 2 (bg)

16. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत 'पीडित' (Victim) है

1. अनुसूचित जाति का सदस्य (sc)

J.singh competition academy rewa

2. अनुसूचित जनजाति का सदस्य (st)

3. अन्य पिछडा वर्ग का सदस्य (obc)

4. केवल अनुसूचित जाति जनजाति की महिला सदस्य

a 1, 2 सही
b 1,2,3 सही
c 1,2 और 4 सही
d उपरोक्त सभी सही

17. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत 'साक्षी' से तात्पर्य है

a जिसने अपराध किया है
b जो पीडित है
c जो अपराध के अन्वेषण, जाच या विचारण के प्रयोजन के लिए तथ्यो एवं परिस्थितियो से परिचित है
d केवल वह व्यक्ति जो केन्द्र या राज्य की सरकार में सेवारत लोक सेवक है

18. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत अपराध तभी माना जाएगा जब वह अपराध अनु. जाति या जनजाति के सदस्य के प्रति निम्न के द्वारा किया गया है

a बौद्ध एवं ईसाई धर्म के सदस्य के द्वारा
b सिख धर्म के सदस्य के द्वारा
c अनु. जाति जनजाति के सदस्यो को छोडकर अन्य जाति के सदस्यो के द्वारा
d अनु. जाति के सदस्यो के द्वारा तथा अन्य किसी जाति के सदस्य द्वारा

19. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3 में उल्लेखित निम्न में से किन कृत्यों को मानव गरिमा के विरुद्ध उल्लेखित किया गया है

1. व्यक्ति के कपडे उतारना
2. मूछे हटाना
3. जूतो की माला पहनाना
4. चेहरे या शरीर को पोतना
5. बलपूर्वक सिर का मुंडन करना

a 1,2,3 सही
b 2,3,5 सही
c 1,3,4 सही
d उपरोक्त सभी

20. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा – 3 (1) के तहत किए गए अपराधो के लिए कम से कम दण्ड का प्रावधान है

a कम से कम 3 माह का कारावास एवं जुर्माने से दण्डनीय होगा
b कम से कम 6 माह का कारावास एवं जुर्माने से दण्डनीय होगा
c कम से कम 1 वर्ष का कारावास एवं जुर्माने से दण्डनीय होगा
d कम से कम 5 वर्ष का कारावास एवं जुर्माने से दण्डनीय होगा

21. यदि कोई अनुसूचित जाति जनजाति का सदस्य नही है और अनु. जाति, जनजाति के सदस्य के विरुद्ध जो मृत्यु दण्ड से दण्डनीय है सिद्ध दोष करवाने हेतु कोई मिथ्या साक्ष्य देगा या गढेगा जिसके फलस्वरूप अनु. जाति या जनजाति के व्यक्ति का दोष सिद्ध होना संभाव्य है वह दण्डनीय होगा

a 6 माह का कारावास एवं जुर्माना
b 7 वर्ष का कारावास एवं जुर्माना
c आजीवन कारावास एवं जुर्माना
d मृत्युदण्ड

22. लोक सेवक होते हुए धारा 3 के तहत यदि कोई अपराध करता है तो वह कम से कम कितनी अवधि के कारावास से दण्डित होगा

a 3 माह के कारावास से
b 6 माह के कारावास से
c 1 वर्ष के कारावास से
d 7 वर्ष के कारावास से

J.singh competition academy rewa

23. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की निम्न में से किस धारा में ''कर्तव्य की उपेक्षा के लिए दण्ंड'' का प्रावधान किया गया है

a धारा – 3
b धारा – 4
c धारा – 5
d धारा – 6

24. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत पश्चातवर्ती दोष सिद्ध के लिए कम से कम दण्ड का प्रावधान है

a 3 माह
b 6 माह
c 1 वर्ष
d 2 वर्ष

25. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के संबंध में निम्न में से कौन सी धारा एवं उसमें किए गए प्रावधान सुमेलित नही है

a धारा 7 – कतिपय व्यक्तियों की सम्पत्ति का समपहरण
b धारा 8 – अपराधो के बारे में उपधारणा
c धारा 9 – किसी व्यक्ति द्वारा संबंधित क्षेत्र से हटने में असफल रहने और वहा से हटने के पश्चात उसमें प्रवेश की दशा में प्रक्रिया
d धारा 10 – ऐसे व्यक्ति को हटाया जाना जिसके द्वारा अपराध किए जाने की संभावना है

26. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 11 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संबंधित क्षेत्र से हटने में असफल रहता है या वहां से हटने के पश्चात विशेष न्यायालय की लिखित अनुमति के बिना उसमें प्रवेश करने जाता है तो विशेष न्यायालय निम्न में से कौन सा प्रावधान कर सकता है

a पुलिस अभिरक्षा में उसे हटवा सकता है
b विशेष न्यायालय उसे गिरफ्तार करवा सकता है
c केवल b सही है
d A और B दोनो सही है

27. यदि कोई व्यक्ति अनु. जाति, जनजाति का सदस्य नही है, अनुसूचित जाति, जनजाति के सदस्य को जबरन मतदान करने को विवश करता है, तो ऐसी स्थिति में जबरन मतदान कराने वाले व्यक्ति को कितना दण्ड दिया जा सकता है

a 6 माह तक कारावास एवं जुर्माना
b 2 वर्ष तक कारावास एवं जुर्माना
c 5 वर्ष तक कारावास एवं जुर्माना
d उपरोक्त में से कोई नही

28. यदि व्यक्ति अनु. जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 10 के अधीन किए गए विशेष न्यायालय के आदेश का उलंघन करेगा तो वह व्यक्ति कितनी अवधि तक के कारावास से दण्डित हो सकता है

a 3 माह का कारावास
b 6 माह का कारावास
c 1 वर्ष का कारावास
d 5 वर्ष का कारावास

29. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अधीन धारा 14 के अंतर्गत विशेष न्यायालय का गठन किया जायेगा

a केन्द्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की सहमति से
b केन्द्र सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की सहमति से
c राज्य सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से
d राज्य सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश की सहमति से

30. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत मामले यथा संभव कितनी समयावधि में निपटाए जाने का प्रावधान किया गया है

a 1 माह
b 2 माह

J.singh competition academy rewa

c 6 माह d 1 वर्ष

31. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 14 (क) के तहत प्रत्येक अपील का निपटारा उच्च न्यायालय द्वारा यथा संभव अपील ग्रहण की तारीख से निम्न में से किस अवधि के भीतर होगा

a 30 दिन b 60 दिन
c 90 दिन d 180 दिन

32. राज्य सरकार अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत प्रत्येक विशेष न्यायालय के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एक लोक अभियोजक नियुक्त करेगी जिसने कम से कम –

a 1 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो b 3 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो
c 5 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो d 7 वर्ष अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय किया हो

33. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत पीड़ित या साक्षी के अधिकार निम्न में से किस धारा में उल्लेखित है –

a धारा 14 b धारा 14 (क)
c धारा 15 d धारा 15 (क)

34. अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति निम्न में से किसे है

1. केन्द्र सरकार
2. राज्य सरकार
3. उच्च न्यायालय
4. विशेष न्यायालय

a केवल 1 सही b केवल 2 सही
c 1 और 2 सही d 2,3,4 सही है

35. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत निम्न में से कौन से पदाधिकारी निवारक कार्यवाही कर सकते है

1. जिला मजिस्ट्रेट
2. अन्य कार्यपालिका मजिस्ट्रेट
3. उपखण्ड मजिस्ट्रेट
4. पुलिस उपनिरीक्षक
5. पुलिस उपअधीक्षक

a केवल 1,2,4,5 b केवल 2,3,4,5
c केवल 3,4,5 d केवल 1,2,3,5

36. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत किस आयु के व्यक्तियों पर परवीक्षा अधिनियम के उपबंध लागू नही होगे

a 14 वर्ष से अधिक b 18 वर्ष से अधिक
c 21 वर्ष से अधिक d 24 वर्ष से अधिक

37. निम्न में से कौन सी धारा एवं प्रावधान अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के संबंध में सुमेलित नही है

a धारा 16 – राज्य सरकार की सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति b धारा 17 – विधि और व्यवस्था तंत्र द्वारा निवारक कार्यवाही
c धारा 18 – अधिनियम क अधीन अपराध करने d धारा 19 – अधिनियम का अन्य

J.singh competition academy rewa

वाले व्यक्तियों को संहिता की धारा 438 का लागू न होना | विधियों पर अध्यारोपित होना

38. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 निम्न में से किस श्रेणी में आता है
- a विशेष विधि
- b असंगत विधियों पर अध्यारोपित
- c सामान्य विधि
- d A और B दोनो सही

39. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना निम्न में से किसका दायित्व है
- a केन्द्र सरकार
- b राज्य सरकार
- c उच्चतम न्यायालय
- d A और B दोनो सही

40. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत नियम बनाने की शक्ति निम्न में से किसमें निहित है
- a केन्द्र सरकार
- b राज्य सरकार
- c सर्वोच्च न्यायालय
- d A और B दोनो सही है

41. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के पश्चात यथाशीघ्र कितनी अवधि के लिए संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखा जाएगा
- a 7 दिन
- b 15 दिन
- c 30 दिन
- d 90 दिन

42. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की निम्न में से किस धारा के तहत अग्रिम जमानत प्रतिबंधित है
- a धारा 16
- b धारा 18
- c धारा 20
- d धारा 22

43. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अधीन विशेष न्यायालय निम्न में से कौन सी शक्ति का प्रयोग नही कर सकता
- a व्यक्ति को हटाया जाना जिसके द्वारा अपराध किए जाने की संभावना है
- b सम्पत्ति का समपहरण
- c व्यक्ति का माप लिया जाना
- d सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करना

44. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में भाग 4 (क) तथा धारा 15 (क) कब जोडे गये
- a 2 अक्टूबर 2015
- b 15 अगस्त 2016
- c 26 जनवरी 2016
- d 15 अगस्त 2015

45. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या जनजाति का सदस्य नही है जादू टोना करने या डाइन होने के अभिकथन पर अनुसूचित जाति य जनजाति के सदस्य को शारीरिक हानि पहुचाएगा या मानसिक यंत्रणा देगा वह किस अवधि के कारावास से दण्डित होगा
- a जिसकी अवधि 1 वर्ष से कम नही होगी और जुर्माने से
- b जिसकी अवधि 3 माह से कम की नही होगी और अधिकतम 5 वर्ष एवं जुर्माना
- c जिसकी अवधि 5 वर्ष होगी और जुर्माना
- d जिसकी अवधि 6 माह से कम की नही होगी किंतु 5 वर्ष तक हो सकेगी ओर जुर्माना से

J.singh competition academy rewa

46. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत निम्न में से क्या पूरी तरह निषिद्ध है –

a गिरफ्तारी पूर्व जमानत b गिरफ्तारी पश्चात जमानत
c परिवीक्षा का लाभ d उपरोक्त सभी

47. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 अनुसूचित जाति और जनजाति की उन्नति के लिए एक प्रावधान है जो निम्न में से किस सिद्धांत पर आधारित है

a पृथ्क्करणीयता का सिद्धांत b अधिगामी स्थिति का सिद्धात
c संरक्षा विभेद का सिद्धांत d सामंजस्य पूर्ण अर्थान्वयन का सिद्धांत

48. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के आधीन अपराधो का विचारण करने के लिए सेशन न्यायालय को विशेष न्यायालन के रूप में विनिर्दिष्ट करने का प्रयोजन है

a शीघ्रविचारण b समयबद्ध विचारण
c पीडितो के लिए विशेष सुरक्षा d उपरोक्त सभी

49. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अधीन अपराध अभियोजन में न्यायालय निम्न में से क्या उपधारित कर सकता है

a दुष्प्रेरण b सामान्य आशय
c सामान्य उद्देश्य d उपरोक्त सभी

50. वर्ष 1990 में अनुसूचित जाति तथा जनजाति राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अत्याचार का कारण नही है

a भूमि निर्वसन b बधुआ मजदूरी
c ऋणग्रस्तता d धार्मिक कारण

51. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत किसी क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकेगा तथा शक्ति और सदाचार बनाए रखने तथा लोक व्यवस्था और शान्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर सकेगा

a कार्यपालिक मजिस्ट्रेट b जिला या उपखण्ड मजिस्ट्रेट
c पुलिस विभाग के पुलिस उप अधीक्षक से नीचे की पंक्ति का न हो d उपरोक्त सभी

52. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत दण्डनी अपराधो के विचारण की अधिकारिता निम्न में से किसे दी गई है

a विशेष न्यायालय b जिला मजिस्ट्रेट
c मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट d मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी

53. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत किसी अपराध के लिए अधिकतम दण्ड दिया जा सकता है –

a 6 माह का कारावास b 7 वर्ष का कारावास
c मृत्युदण्ड d आजीवन कारावास

54. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 10 के अंतर्गत निष्कासन की शक्ति निम्न में से किसे प्रदान की गई है –

a मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी b जिला दण्डाधिकारी
c सत्र न्यायधीश d विशेष न्यायालय

55. निम्न में से कौन सा दायित्व राज्य के दायित्व की श्रेणी में नही आता यद्यपि अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के प्रभावी ढंग से लागू करना राज्य का दायित्व है

a विधिक सहायता का प्रावधान b गवाहो के रख रखाव का खर्च

J.singh competition academy rewa

c समाजिक एवं आर्थिक पुर्नवास d उस इलाके में स्कूल खोलना

56. अनुसूचित जाति जनजाति के किसी सदस्य के प्रति अत्याचार के दोषी वयस्क (18 वर्ष से अधिक) व्यक्ति का परवीक्षा पर

a छोडा जा सकता है b नही छोडा जा सकता

c राज्य सरकार की अनुमति से छोडा जा सकता है d उच्च न्यायालय की अनुमति से छोडा जा सकता है

57. अनुसूचित जाति जनजति के सदस्यों द्वारा उपयोग में लाये जा रहे जलाशय के पानी को दूषित करने वाले व्यक्ति को कितना दण्ड दिया जा सकता है

a 6 माह तक कारावास और जुर्माना b 2 वर्ष तक कारावास और जुर्माना

c 5 वर्ष तक कारावास और जुर्माना d उपरोक्त में से कोई नही

58. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अंतर्गत शब्द 'अत्याचार' से आसय है

a गैर हिन्दु मंदिर में प्रवेश से निवारित करना b उक्त अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत दण्डनीय कोई भी अपराध

c हिन्दू मंदिर मे प्रवेश से निवारित करना d अस्पृश्यता की प्रथा

59. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत 'आश्रित' से अभिप्राय है

a पीडित का ऐसा पति, पत्नी बालक जो पीडित पर आश्रित हो b पीडित का भाई, बहन, माता, पिता जो पीडित पर आश्रित हो

c ऐसा अन्य कोई सदस्य जो पीडित पर भरण पोषण और सहायता के लिए आश्रित हो d उपरोक्त सभी

60. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 में 2015 मे किए गए सशोधन द्वारा विशेष न्यायालय के स्थान पर निम्न में से कौन सा शब्द प्रतिस्थापित किया गया

a विशेष न्यायालय और मुख्यतया विशेष न्यायालय b विशेष न्यायालय और अनन्य विशेष न्यायालय

c स्थाई और अस्थायी न्यायालय d उपरोक्त में से कोई नही

61. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की निम्न में से किस धारा में 'अग्रिम जमानत' प्रतिबंधित है

a धारा 22 b धारा 20

c धारा 18 d धारा 16

62. अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की निम्न में से किस धारा में भारतीय दण्ड संहिता के कतिपय उपबंधो का लागू होना उपबंधित है

a धारा 6 b धारा 8

c धारा 10 d धारा 12

63. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 को पहले निम्न में से किस नाम से जाना जाता था

a अस्पृश्यता निवारण अधिनियम b अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम

c छुआछुत और कुरीतियों का उन्मूलन अधिनियम d उपरोक्त सभी

64. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी कब मिली –

a 1 मई 1955 b 8 मई 1955

c 1 जून 1955 d 8 जून 1955

65. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम भारतीय गणतंत्र के कितने वर्षो बाद प्रवृत्त हुआ –

a 4 b 5

J.singh competition academy rewa

c 6 d 7

66. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 प्रभावशाली है

a संपूर्ण भारत मे b जम्मू कश्मीर को छोडकर संपूर्ण भारत

c संघ राज्य क्षेत्रो को छोडकर संपूर्ण भारत d उपरोक्त में से कोई नही

67. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम में कुल कितनी धाराए है।

a 15 b 17

c 20 d 25

68. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 1 के संबंध में सत्य है

1. यह अधिनियम ( सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम) 1955 कहा जा सकेगा

2. इसका विस्तार संपूर्ण भारत पर है।

3. यह उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसे केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे

a केवल 1 सही b केवल 2 सही

c 1 और 2 सही d 1,2 और 3 सही

69. भारतीय संसद ने संविधान के किन–किन अनुच्छेदो के अधीन अपनी शक्ति का प्रयोग कर अस्पृश्यता अपराध अधिनियम 1955 पारित किया था

a अनुच्छेद 13 b अनुच्छेद 17

c अनुच्छेद 35 d अनुच्छेद 17 और 35

70. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम में धार्मिक निर्योग्यताएं लागू करने के लिए दण्ड का प्रावधान निम्न में से किस धारा में किया गया है

a धारा 2 b धारा 3

c धारा 4 d धारा 5

71. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 2 (e) के तहत 'दुकान' से आसय है –

a कोई ऐसा स्थान जहां फेरी वाले या विक्रेता द्वारा या चलते–फिरते यान या गाडी से माल का विक्रय किया जाता है b लांण्ड्री और बाल काटने का सैलून

c कोई भी स्थान जहां ग्राहकों की सेवा की जाती है d उपरोक्त सभी

72. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत धारा 3 एवं 4 के लिए निम्न में से किसे हिन्दू नही माना गया है

a वीर शैव b ब्रम्ह समाज

c प्रार्थना समाज d इसाइयों को

73. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 में निम्न में से किस अपराध के लिए अधिकतम दण्ड निर्धारित है

a शारीरिक या सम्पत्ति के विरुद्ध अपराध b माल बेचने या सेवा करने से मना करना

c मंदिर में पूजा करने से रोकना d सार्वजनिक कुए के उपयोग से रोकना

74. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत अधिकतम कितने वर्ष के कारावास की सजा दी जा सकती है

a 6 माह b 1 वर्ष

c 2 वर्ष d इनमें से कोई नही

75. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत निम्न में से कौन सी धार्मिक निर्योग्यता है –

J.singh competition academy rewa

a किसी ऐसे पुजा स्थल में प्रवेश करने से जो उसी धर्म को मानने वाले या उसके किसी भाग के अन्य व्यक्तियो के लिए खुला है जिसका वह व्यक्ति है से रोकना
b किसी परिक्षेत्र में, किसी निवास परिसर का सन्निर्माण, अर्जन या अधिभोग करने से रोकना
c किसी सार्वजनिक सवारी के उपयोग से रोकना
d आभूषणों के अंलकारो के उपयोग से रोकना

76. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 7 (क) के तहत निम्न में से कौन सा विधि विरुद्ध अनिवार्य श्रम अस्पृश्ता का आचरण समझा जाएगा
a जब कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को सफाई करने को मजबूर करेगा
b जब कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को मृत पशु हटाने, पशु की खाल खीचने को मजबूर करेगा
c जब कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को नाल काटने को मजबूर करेगा
d उपरोक्त सभी

77. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त संस्थान यदि सामाजिक और धार्मिक निर्योग्यता लागू करती है तो
a राज्य सरकार ऐसे संस्था के देय अनुदान को रोक सकेगी
b अनुदान को पुनः ग्रहण कर सकेगी
c a और b दोनो
d इनमें से कोई नही

78. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की निम्न में से किस धारा में अनुज्ञप्तियों को रद्द किया जाना एवं निलंबन को प्रावधान है
a धारा 8
b धारा 9
c धारा 10
d धारा 10 (क)

79. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति निम्न में से किसे दी गई है
a केन्द्र सरकार
b राज्य सरकार
c उच्चतम न्यायालय
d a और b दोनो

80. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत पश्चात्यवर्ती (द्वितीय अपराध) के लिए न्यूनतम दण्ड का प्रावधान है
a 1 माह का कारावास और 100रू जुर्माना
b 6 माह कारावास और 200रू जुर्माना
c 1 वर्ष कारावास और 500रू जुर्माना
d 2 वर्ष कारावास और 1000रू जुर्माना

81 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की निम्न में से किस धारा में सदभावना पूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण प्रदान किया गया है ?
a धारा 10
b धारा 10 (क)
c धारा 14
d धारा 14 (क)

82 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के अंतर्गत कम्पनी द्वारा अपराध किए जाने की दशा में कौन उत्तरदायी होगा
a निदेशक
b फर्म प्रबन्धक
c कम्पनी का सचिव
d उपरोक्त सभी

83. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत कम्पनी से तात्पर्य है
a कोई निगमित निकाय
b कोई फर्म
c व्यक्तियों का संगम निकाय
d उपरोक्त सभी

J.singh competition academy rewa

84 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अपराध का विचारण निम्न में से किस न्यायालय द्वारा किया जाता है यदि अपराध 3 माह से अधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय है

a सत्र न्यायालय
b प्रथमश्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट
c द्वितीय श्रेंणी न्यायिक मजिस्ट्रेट
d मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

85 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत फर्म के संबंध में 'निदेशक' से तात्पर्य है

a फर्म का भागीदार
b फर्म का एजेंट (वेतन) प्राप्त करने वाला
c निदेशक को परिभाषित नही किया गया
d उपरोक्त में से कोई नही

86 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 14 के तहत निम्न में से कौन दण्ड का भागी नही होगा

a कम्पनी का निदेशक
b कम्पनी का सचिव
c कम्पनी का भागीदार
d ऐसा कोई व्यक्ति जो यह साबित कर दे कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया है

87 क्या सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 सीमित है

a केवल हिन्दुओ तक
b केवल मुस्लिमो तक
c केवल इसाइयो तक
d किसी भी विशेष समुदाय या धर्म के लिए नही

88 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की किस धारा में ''कुछ मामलो में न्यायालयों द्वारा उपधारणा'' का प्रावधान किया गया है

a धारा 11
b धारा 12
c धारा 14 (क)
d धारा 15

89 भारतीय संविधान की निम्न में से किस अनुच्छेद में अनुसूचित जाति को परिभाषित किया गया है

a अनु 123
b अनु 342
c अनु 366 (24)
d अनु. 366 (25)

90 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के प्रावधान निम्न में से किन असंगत विधियों पर अध्यारोपित होगे जो इसके प्रभावी क्रियान्वयन में बाधक है

a किसी रूढि या प्रथा पर
b न्यायालय के आदेश एवं डिक्री पर
c असंगत विधि पर
d उपरोक्त सभी पर अध्यारोपित होगे

91 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत परवीक्षा अधिनियम 1958 के प्रावधान ऐसे व्यक्तियों पर लागू नही होगे जो

a 14 वर्ष के कम आयु के व्यक्तियो पर
b 14 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियो पर
c 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियो पर
d 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियो पर

92 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत नियम बनाने की शक्ति निम्न में से किसके पास है

a उच्चतम न्यायालय
b केन्द्र सरकार
c राज्य सरकार
d उपरोक्त सभी

93 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 16 (ख) के तहत इस अधिनियम के तहत

J.singh competition academy rewa

बनाया गया प्रत्येक नियम यथा सीघ्र संसद के प्रत्येक सदन में कितनी अवधि के लिए रखा जाएगा

a 15 दिन
b 30 दिन
c 60 दिन
d 90 दिन

94 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 15 (क) के तहत अस्पृश्यता को अंत करने से प्रत्याभूत अधिकारों का संबंधित व्यक्तियो द्वारा फायदा उठाना सुनिश्चत करने का कर्तव्य है

a केन्द्र सरकार
b राज्य सरकार
c उपरोक्त दोनो
d उपरोक्त में से कोई नही

95 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 की धारा 7 के तहत किसी व्यक्ति का 'बहिष्कार करना' शब्द से ताप्तर्य है

a किसी व्यक्ति को भूमि पट्टे पर देने से मना करना
b किसी भूमि के उपयोग के लिए अनुज्ञा देने से मना करना
c किसी व्यक्ति के साथ कोई कारोबार करने से मना करना
d उपरोक्त सभी

96 अस्पतालों आदि में व्यक्तियों के अस्पृश्यता के आधार पर प्रवेश करने से इंकार करने पर कारावास (दण्ड) दिया जा सकता है

a 1 माह से 3 माह
b 1 माह 6 माह
c 3 माह से 6 माह
d 1 वर्ष से 2 वर्ष

97 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत संसद के प्रत्येक पटल पर वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का दायित्व निम्न में से किसका है

a केन्द्र सरकार
b राज्य सरकार
c उच्चतम न्यायालय
d उच्च न्यायालय

98. भारतीय संविधान के अनुच्छेंद 17 का संबंध है

a शिक्षा से
b स्वास्थ्य से
c अस्पृश्ता से
d खाद्य सुरक्षा से

99 न्यायालय उपधारित कर सकता है कि अपराध गठित करने वाला कोई कृत्य 'अस्पृश्ता' के आधार पर किया गया था, यदि ऐसा अपराध ............ के संबंध में किया गया है

a अनुसूचित जाति के सदस्य
b अनुसूचति जनजाति के सदस्य
c किसी भी समुदाय के सदस्य
d उपरोक्त में से कोई नही

100. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत 'लोक मनोरंजन स्थल' को परिभाषित किया गया है

a धारा 2 (A)
b धारा 2(B)
c धारा 2 (C)
d धारा 2 (D)

J.singh competition academy rewa